
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024



13 वर्ण व्यवस्था के अनुसार समाज कर रहा अपना-अपना कार्यः आचार्य सागर मिश्रा





14 शिविर में विभिन्न विभागों के मिले 555 आवदेन






## खबर संक्षेप

### कौशल पखवाड़ा शिविर आज

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव के सभाकक्ष में शुक्रवार को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में युवाओं से काउंसिलिंग कर उपलब्ध विभिन्न कोर्स के प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र लिए जायेंगे। जिले में संचालित कौशल विकास योजना तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण हेतु निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से जिले में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जाना निर्धारित है।

### ब्लॉक स्तर महिला खेलकूद प्रतियोगिता आज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ के शासकीय कालेज मैदान में 18 अक्टूबर को विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग एवं 18 से 35 आयु वर्ग की बालिकाएं और महिलाएं सम्मिलित हो सकती हैं। महिला खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स के अंतर्गत तवाफेंक, खोखो, फुटबाल, वालीबाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग, रस्साकशी, कुश्ती, हॉकी 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता पूर्णता निःशुल्क है।

### माता जगराता कार्यक्रम 24 को



**बलौदाबाजार।** तहसील कार्यालय दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 24 अक्टूबर को भक्तिमय गीत जगराता एवं शिव भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा मुम्बई का माता जगराता कार्यक्रम होगा। नगर पालिका अध्यक्ष एवं दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल द्वारा उक्त आयोजन के लिये स्थानीय पं. चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकण्डरी स्कूल में तैयारी की जा रही है। नगर में भक्तिमय आयोजन के लिए वृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार करने के साथ ही आस–पास के जगराता प्रेमी भक्तगणों को कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है। समिति के अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने माता का जगराता कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों के आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए बैठक व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था रखने की बात कही है।

### एक्सीडेंट में युवक घायल

**महासमुंद।** चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक में सवार एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थी होरी लाल साहू ने बताया कि 12 अक्टूबर को अपने दोस्त गजेंद्र निषाद के साथ उसके मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीवी 7251 से दशहरा त्यौहार, दुर्गा विसर्जन देखने खरोरा गए थे। खरोरा से वापस महासमुंद लौटने के दौरान रायपुर रोड पर रात करीब 11 पीछे से आ रही जीप कंपास वाहन क्रमांक सीजी 06 जीजेड 1110 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हम दोनों मोटर सायकल सहित वहीं गिर गए। घटना में गजेंद्र निषाद के बांये पैर, सिर में चोटें आई है। एक्सीडेंट से मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# नगर पालिका में विकास कार्य के लिए मंजूर हुई 299.77 लाख की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्रंतर्गत नगर में विकास कार्य कराये जाने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मांग के अनुरूप विकास कार्य हेतु राशि 299.77 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल द्वारा विकास कार्य हेतु उक्त राशि की मांग की गयी थी, जिससे नगर के विभिन्न वार्डों में जनसामान्य को सुविधा प्रदान किया जा सके, इसके लिए सड़क निर्माण, नाली निर्माण सहित सुरक्षित आहता व नया बस स्टैण्ड के उन्नयन कार्य हेतु 79.47 लाख व मुरूम तालाब सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 21.64 लाख सहित जनपद कार्यालय से जिला कार्यालय कलेक्टोरेट तक बी.टी. रोड निर्माण हेतु 42.36 लाख की स्वीकृति के साथ ही अन्य कार्यों के लिए राशि प्रदान की गई।

नगर विकास हेतु शासन द्वारा मांग के अनुरूप जनहित में कभी भी राशि की कमी आने नहीं दी गयी। नगर में वर्तमान में विभिन्न सड़को का निर्माण नाली का निर्माण चौक–चौराहों का सौंदर्यीकरण के कार्य सहित जनसुविधा के लिए संसाधनों की व्यवस्था हेतु राशि प्रदान किया जाना प्रमुख है। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा राशि की स्वीकृति दिये जाने पर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

## तालाब सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार भी होगा



### शीघ्र प्रारंभ होंगे निर्माण कार्य

विकास कार्य हेतु नगर पालिका को मिलने वाले राशि से नगर में शीघ्र ही कार्य पूर्ण कराये जाने आवश्यक प्रक्रिया निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया है व शासन द्वारा राशि प्रदान किये जाने में सहयोग के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा, जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## कार्रवाई : जिला खनिज विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, जारी रहेगा अभियान

# अवैध रेत खनन और भंडारण में 8 हाईवा, 5 ट्रैक्टर और 2 ट्राली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। इसमें दो दिनों में ही 8 हाइवा, 5 ट्रैक्टर एवं 2 ट्रॉली रेत से भरे वाहन जब्त किए गए। जिला खनिज अधिकारी के के बंजारे ने बताया कि देर रात एवं सुबह खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई। जांच के दौरान कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम चिंचपोल में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 2 ट्रॉली जब्त की गई है।

इसके साथ ही बल्दाकछार, तुरमा, कटगी, सरखोर, चिचपोल एवं रायपुर जिले से संबंधित करमंडी, चिखली, कुटेला से 8 हाइवा, 5 ट्रैक्टर जब्त किया गया है। 8 रेत से भरे हाईवा सीजी 04 पी जे 7990, सीजी 04 पी डब्ल्यू 6678, सीजी 04 पी डब्ल्यू 7767, सीजी 04 एनपी 6244, सीजी15 डीएफ 8377, सीजी22 डब्ल्यू 4580, सीजी22 के 5551, सीजी 04 एच एक्स 9080 एवं टैक्टर में 1 सोल्ड महेंद्रा, 1 सोल्ड पावर ट्रैक, सीजी22 पी 8980, सीजी 04 एन बी 9039, सीजी04 एम 3821 शामिल हैं। सभी जब्त वाहन नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है।

यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत की गई है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अवैध रेत के भंडारण, अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ–साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। श्री सोनी ने कहा है कि ऐसी कार्रवाईयां आगे भी जारी रहेगी। अवैध रेत खनन व धंधा करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और ऐसे अवैध धंधे एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शरद पूर्णिमा पर गांवों और मंदिरों में हुए धार्मिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

अंचल के भवानीपुर, खपरी, तमोरी, भारूवाडीह, गिधपुरी, तेलासी, मोहान, जुनवानी, मलपुरी, रीवाडीह, बम्हनी, चरौदा, वटगन, सिसदेवरी, लटेरा, हरिन भट्ठा सहित विभिन्न स्थान में शरद पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। कई जगह पर भजन कीर्तन के कार्यक्रम हुए, जबकि कई जगहों पर खीर, पूरी, हलवा की प्रसादी का वितरण किया गया। अंचल में हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के अगले दिन शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। हिंदू धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है। इसे आरोग्य का पर्व भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण होकर रातभर अपनी किरणों से अमृत वर्षा करता है। शारदीय नवरात्रि के बाद शरद पूर्णिमा का पावन पर्व ▶▶ शेष पेज 13 पर

- जगह–जगह किया गया खीर, पूरी, हलवा की प्रसादी का वितरण

### शरद पूर्णिमा पर बनी खीर का सेवन है फायदेमंद

मान्यता है कि इस दिन रातभर खीर को चंद्रमा की चांदनी में रखने से खीर अमृत के समान हो जाती है और इस खीर का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इस युवा शक्ति दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड बजरंग चौक, महामाया चौक, नीम चौक आदि स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वरधारा मानस मंडली रीवाडीह हरि ओम मानस मंडली भवानीपुर, हंस वाहिनी मानस मंडली भवानीपुर द्वारा सुंदर ढंग से प्रस्तुति दी गई, जिसमें सभी भक्तगण भगवान के भक्ति में झूम उठे। साथ ही अनेक जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## अमेरी में बनेगा सामुदायिक भवन, भूमि पूजन हुआ



**हिरमी–रावन।** ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पर सकारात्मक विचार करते हुए अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के प्रबंधन द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्राम अमेरी में 5 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के जनपद सदस्य अनुपम अग्रवाल ने कहा कि अल्ट्राटेक की ओर से ग्राम विकास हेतु विभिन्न गतिविधि चलाई जाती है। यह भवन गांव वालों के लिए सामाजिक कार्यक्रम के आयोजन में उपयोगी सिद्ध होगा। वहीं संयंत्र प्रबंधन की ओर से रणजीत सिंह नैनवाल द्वारा कहा गया कि ग्रामीणों को अधिक से अधिक सुविधा मिले यह हमारा भी प्रयास रहता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच एनु दास बन्दे, उपसरपंच दुलार दास, पंच जगदीश वर्मा, लिलु बंजारे, सचिव सालिक राम साहू, शिक्षक ओमप्रकाश वर्मा उपस्थित थे।

## जांच में समय से पहले बंद मिले स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार गेंदले एवं बीआरसी किरण कुमार वर्मा द्वारा विकासखंड के स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्राथमिक शाला दरचुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान शाला परिसर एवं कक्षा में सफाई की कमी के साथ बुनियादी संख्यात्मक व भाषा शिक्षण में बच्चों में कमजोरी पायी गई। बीईओ गेंदले ने शिक्षक डायरी, विद्यार्थी सूचकांक और वार्षिक कैलेंडर का अद्यतन करने के निर्देश संस्था प्रमुख को दिए। उन्होंने मध्यान भोजन की गुणवत्ता एवं स्वादिष्ट बने इस विषय में विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात बीईओ गेंदले प्राथमिक शाला चंदिया, पथरा और प्राथमिक शाला चोरहा ▶▶ शेष पेज 13 पर

- बीईओ ने किया औचक निरीक्षण, स्कूल प्रबंधन को जारी किया नोटिस

## स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन...



**खरोरा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा विजय दशमी पर पथ संचालन किया गया। पथ संचालन कर रहे स्वयंसेवा संघ के लोगों पर विधायक अनुज ने पुष्प वर्षा की। राष्ट्रीय स्वयं सेवक खरोरा उपखण्ड द्वारा विजय दशमी के अवसर पथ संचालन किया गया, जो खरोरा नगर भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंचा। इस दौरान नगरवासी स्वयंसेवकों का जगह–जगह स्वागत कर पुष्प वर्षा से किया गया। इस दौरान विधायक अनुज शर्मा ने स्वयं सेवकों को फूल माला पहना स्वागत किया।

## सतनामी समाज ने विस अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन से की मांग

# अग्नि कांड के निर्दोषों की हो जेल से रिहाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा नगरीय प्रशासन मंत्री गौरीशंकर अग्रवाल भेंट कर बलौदाबाजार अग्नि कांड में जेल में बंद निर्दोष लोगों को रिहा किये जाने के संबंध में आवेदन सौंपा। इस पर अरुण साव तथा गौरीशंकर अग्रवाल ने आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया।

डॉ. रमन सिंह ने प्रगतिशील संगठन के प्रमुखों के साथ पुनः बैठकर चर्चा करने की बात कही, जिसमें सतनामी समाज के मंत्री दयालदास बघेल के नेतृत्व में सरकार एवं संगठन से चर्चा होगी, जिसमें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय, पूर्व विधायक डा. सनम जांगड़े, दुर्गा महेश्वर एवं अन्य सदस्य साथ रहेंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद भतपहरी, प्रदेश संरक्षक, विनोद भारती, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम टांडे, गुरु घासीदास गृह निर्माण सहकारी समिति न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर के अध्यक्ष एवं प्रगतिशील संगठन से शंकर कुमार सोनवानी, अग्रलाल जोशी, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तो प्रदीप श्रृंगी, प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ अशोक बंजारे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा प्रकोष्ठ गिरवर वारे आदि शामिल रहेंगे।

उक्त जानकारी विनोद भारती प्रदेश संरक्षक प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने दी।

## बेसिक स्कूल में कल लगेगा आयुष शिविर

**बलौदाबाजार।** जिला आयुष विभाग अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय डमरू द्वारा 19 अक्टूबर को जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रथम आयुष शिविर का आयोजन बेसिक शाला बलौदाबाजार में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। आयुष चिकित्सा पध्दतियों एवं उनके सिध्दांतों द्वारा बार–बार सर्दी, खांसी होना, नये पुराने रोग वातरोग, उदररोग, अर्श, बवासीर, भगंदर, श्वासरोग, स्त्रीरोग, चर्मरोग, लकवा, पीलियां, पुराने टायफाइट झिनझिनी वातरोग गैस्टींग भूख न लगना, बाल झड़ना एवं पकना नींद नहीं आना आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक ▶▶ शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप




### दिव्य उत्सव में 200 से अधिक छात्रों ने लिया भाग

**रायपुर।** दिव्य उत्सव 2.0 का आयोजन बड़ी सफलता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें 8 स्कूलों के 200 से अधिक छात्रों और दो स्वयं सहायता समूहों, पटोरा और उपवार ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बच्चों को सशक्त बनाने और उनकी रचनात्मकता को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उत्सव की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में फ्लैग बलून्स के वितरण के साथ हुई, जो कार्यक्रम की उत्सवी भावना का प्रतीक बने। वायआई रायपुर के को-चेयर गौरव अग्रवाल ने उद्घाटन भाषण में बच्चों की भागीदारी और सामुदायिक विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में पंकज सोमानी ने छात्रों को उनके लक्ष्यों की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्हें हार न मानने की सलाह दी।

### आचार्य विद्यासागर के जन्मोत्सव पर आचार्य छत्तीसी विधान



**रायपुर।** आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के निर्वाण के पश्चात प्रथम जन्मोत्सव (शरद पूर्णिमा) के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रातः आचार्य छत्तीसी विधान किया गया। खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर सन्मति नगर, फाफाडीह के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या एवं सचिव सुरेश पाटनी ने बताया कि, इस मौके पर 36 गुनधारी आचार्य भगवंत का विशिष्ट संबंध और उनके उपकारों का स्मरण किया गया। पूरे छत्तीसगढ़ के जैन मंदिरों में एक ही समय पर आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन कर समाज की अखंडता एवं आचार्यश्री के प्रति सच्ची श्रध्दांजलि व्यक्त की गई। यह जानकारी पंचायत के प्रचार सचिव अतुल गोधा ने देते हुए बताया कि इसी तारम्य में श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर का नाम भी गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज होने की संभावना है। विदित हो कि वर्ष 2024-25 को आचार्य शांतिसागर महाराज के आचार्य पदारोहण के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री से धान खरीदी 25 से करने का किया अनुरोध

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने किसान हित में दीपावली पर्व को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार से 25 अक्टूबर से धान खरीदी का निर्णय लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ में हरूणा अन्य अल्प अवधि में पकने वाले धान पक कर तैयार है जिसकी कटाई होने वाली है। इस समय बरसात अच्छी होने से धान पिछले वर्ष से ज्यादा होगा। किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर है लेकिन 15 नवंबर से धान खरीदी की खबर सुनकर दुखी है क्योकि दीपावली पर्व नजदीक है एवं जो धान काटेगे उसे खेत से ढुलाई कर ब्यारा में पानी एवं चुहों से बचाकर रखना पड़ेगा, फिर 15 नवंबर के बाद ब्यारा से सोसाइटी ले जाना पड़ेगा, इससे परिवहन में खर्च भी बढ़ जाएगा।

# निजी कालेजों में एमडीएस की 50 सीटें खाली, अब 175 अंक वालों को मिलेगा प्रवेश

## मैनेजमेंट कोटे की सीट में एडमिशन के लिए कम किया गया परसेंटाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कई कोशिशों के बाद भी निजी डेंटल कालेजों में खाली एमडीएस की मैनेजमेंट की 50 सीटों के लिए परसेंटाइल घटा दी गई है। अब नीट के 960 प्राप्तांकों में यूआर श्रेणी के 272 तथा आरक्षित वर्ग के 175 अंक वालों को भी प्रवेश मिलेगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 19 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

एमबीबीएस के साथ बीडीएस का एडमिशन अभी एनआरआई कोटे की वजह से विवादों में पड़ा हुआ है, लेकिन एमडीएस यानी डेंटल की पीजी सीट के लिए बीडीएस कर चुके छात्रों का टोटा पड़ा हुआ है। एडमिशन की अंतिम तारीख बाकी होने की वजह से चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए नीट में सफल बीडीएस के छात्रों से 19 अक्टूबर तक नया ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया है। अभी निजी मेडिकल कालेजों में एमडीएस की 50 सीट खाली है, जिसके लिए छात्रों की पूर्ति करने के लिए कट ऑफ मार्क्स में और कमी कर दी है। अब नीट पीजी में यूआर कोटे के तहत 28.308 प्रतिशत यानी 272 अंक और एसटी,एससी, ओबीसी वर्ग के 18.308 फीसदी यानी 175 अंक वालों को पात्र माना गया है।



### बीएससी, न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त करने की मांग

बीएससी नर्सिंग में बड़ी संख्या में सीट रिक्त होने की वजह से प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त करने आईएनसी से पत्र व्यवहार करने चिकित्सा शिक्षा मंत्री से निवेदन किया गया है। प्राइवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा हवाला दिया गया है। सभी चरणों की काउंसिलिंग के बाद भी पांच हजार सीट रिक्त है। हवाला दिया गया है कि प्रवेश परीक्षा में लगभग 29 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 2630 विद्यार्थी ही प्रवेश ले पाये हैं। राज्य के अनेक विद्यार्थी नर्सिंग में प्रवेश लेकर अपना कैरियर बनाना चाहते हैं, किन्तु नियम की कठिनाई के कारण प्रवेश से वंचित रह गए हैं। उनके हितों को ध्यान में रखते हुए हुए परसेंटाइल को समाप्त करने और प्रवेश की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाने इंडियन नर्सिंग काउंसिल से पत्र व्यवहार करने का निवेदन किया है।

## स्थानीय बदमाशों की अमन साव के साथ संलिप्तता की पुलिस लिंक तलाश रही

# गैंगस्टर अमन साव की झारखंड की मदद से स्थानीय पुलिस ने तैयार की डोजियर रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

तेलीबांधा शूट आउट के आरोप में प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर अमन साहू से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। गंज थाना क्षेत्र में शूट आउट के पूर्व पकड़े गए आरोपियों के संबंध में पूछताछ करने के बाद पुलिस अमन से तेलीबांधा शूट आउट को लेकर पूछताछ कर रही है। अमन साव किस तरह अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था, स्थानीय पुलिस ने सौ पन्नों से ज्यादा की एक डोजियर रिपोर्ट तैयार की है। इसकी पुष्टि एसएसपी डॉ. संतोष सिंह ने की है।

एएसपी के मुताबिक अमन साव स्थानीय बदमाशों के संपर्क में था या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। गंज तथा तेलीबांधा मामले में अब तक 19 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में अब तक किसी स्थानीय बदमाश के शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। बावजूद इसके अमन अपने अन्य गुर्गों के माध्यम से राज्य के किसी स्थानीय बदमाश के संपर्क में था या नहीं, इसकी तस्दीक करने पुलिस कह रही है।


गैंगस्टर के निशाने पर झारखंड में सरकारी ठेका लेने वाले कारोबारी

मोबाइल शॉप छोड़कर रंगदारी करते गैंगस्टर बना अमन, हत्या समेत 100 से ज्यादा केस

अमन से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही, लेवी नहीं देने पर हत्या की प्लानिंग

60 करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर की थी हत्या

मोबाइल शॉप के रास्ते अपराध की दुनिया में पहुंचा

हत्या की थी प्लानिंग

### पेशी के दौरान देता है निर्देश

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक अमन साव लगातार मयंक सिंह के संपर्क में रहा है, तेलीबांधा शूट आउट की घटना में अमन के मयंक के संपर्क में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार पेशी में ले जाने के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से अमन मयंक से संपर्क स्थापित करता है। इसके बाद किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए कहां से बदमाशों की व्यवस्था करना है, इस संबंध में अमन मयंक को जानकारी देता है। उसी आधार पर मयंक अपने अन्य स्थानीय गुर्गों के माध्यम से बदमाशों को जोड़ आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है।

### शूट आउट की जानकारी नहीं होने का दावा

पांच माह पूर्व मई में गंज थाना क्षेत्र में अपराधिक घटना को अंजाम देने के पूर्व पकड़े गए चार शूटर्स के बारे में अमन ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा ही शूटर्स भेजे गए थे। तेलीबांधा शूट आउट मामले में अमन का कहना है कि उसे इस संबंध में जानकारी नहीं है। तेलीबांधा शूट आउट उसके बगैर किसी जानकारी के हुई है। पुलिस को अमन के कबूलनामे पर यकीन नहीं है। पुलिस इस संबंध में पड़ताल करने के बाद कुछ बता पाने की बात कह रही है।

### पकड़े जाने के पूर्व सोशल मीडिया में फोटो शेयर

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमन का फेसबुक अकाउंट मलेशिया में बैठा कोई सुनील राणा ऑपरेट कर रहा है। पुलिस को इस बात की जानकारी आईपी एड्रेस की जांच करने के बाद मिली। इसी तरह से अमन के पकड़े जाने के एक दिन पूर्व कनाडा में बैठे मयंक सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट से अमन साव का फोटो शेयर किया था।

### अमन से 60 बिंदुओं पर पुलिस कर रही पूछताछ

अमन साव से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है, अमन साव से अब तक एसएसपी के साथ एएसपी क्राइम, एएसपी सिटी, डीएसपी क्राइम सहित सात पुलिस अफसर पूछताछ कर चुके हैं। पूछताछ में अमन ने लॉरेंस विश्नोई से डायरेक्ट संपर्क होने की बात से इनकार किया है। पूछताछ में स्थानीय अपराधिक घटनाक्रम के बजाय अमन अपने झारखंड के अपराधिक घटनाक्रम के बारे में बात कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।

# लाखेनगर चौक का होगा सौंदर्यीकरण, नजर आएगी पहाड़ी मैना की सुंदर प्रतिकृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के लाखे नगर चौक में अब पहाड़ी मैना की सुंदर प्रतिकृति लोगों को लुभाएगी। सड़क चौड़ीकरण के बाद नगर निगम इस चौक को संवारने में जुटा हुआ है। सीएसआर मद से चौक सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है, ताकि इसकी सुंदरता बनी रहे।

■ चौक को आकर्षक स्वरूप देने की तैयारी

राजधानी के मुख्य मार्गों के चौराहों को सुंदर बनाने सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। विभिन्न उद्योग समूहों और व्यावसायिक संस्थाओं के सहयोग से यह कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जोन 5 क्षेत्र स्थित लाखे नगर चौक को संवारने पहाड़ी मैना की सुंदर प्रतिकृति लगाई जाएगी। सन एंड सन ज्वेलर्स के सहयोग से सीएएसआर मद में यह कार्य पूरा होगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने लाखेनगर चौक का निरीक्षण कर चौराहे के सौंदर्यीकरण की ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, जोन कमिश्नर विमल शर्मा की उपस्थिति में किया। श्री मिश्रा ने चौक के सौंदर्यीकरण कार्य की नियमित रूप से मानिटरिंग करने निर्देश दिए।

विदित हो, शहर में जीई रोड, विधानसभा रोड, वीआईपी रोड, एक्सप्रेस वे मार्गो पर विभिन्न उद्योग समूहों, व्यावसायिक संस्थानों के सहयोग से सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में राजधानी के प्रमुख मार्गों का बदला हुआ स्वरूप देखने को मिलेगा।

# भारत माला परियोजना में गड़बड़ी, नायब तहसीलदार सहित 3 पटवारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में भारत माला परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई भूमि के स्वामियों को वास्तविक मुआवजा से कहीं ज्यादा का भुगतान कराकर शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाने वाले तत्कालीन नायब तहसीलदार सहित 3 पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है। यह मामला अभनपुर ब्लॉक के गोबरा नवापारा क्षेत्र का है, जहां भारत माला परियोजना के तहत विशाखापट्नम इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत भारत माला परियोजना के तहत विशाखापट्नम इकोनॉमिक कॉरिडोर सड़क के निर्माण के लिए यहां सैकड़ों की संख्या में किसानों सहित निजी भू-स्वामियों से जमीन अधिग्रहित की गई थी। इस जमीन के बदले भू-स्वामियों को मुआवजा राशि भी तय की गई। मुआवजा राशि तय करने की किस भू स्वामी की कितनी जमीन अधिग्रहित की जा रही है और उसके बदले उसे कितना मुआवजा राशि मिलना चाहिए, इसकी रिपोर्ट तहसील कार्यालय से तैयार की थी। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए क्षेत्र के तत्कालीन नायब तहसील लखेश्वर प्रसाद किरण के अलावा पटवारी जितेंद्र साहू, दिनेश पटेल एवं लेखराम देवांगन को दी गई थी, जिनके द्वारा अधिग्रहित भूमि का सीमांकन से लेकर अन्य जानकारी दी गई थी।

■ वास्तविक से अधिक मुआवजा राशि का भुगतान कराकर शासन को लगाया करोड़ों का चूना

### जांच के 8 माह बाद कार्रवाई

इस मामले की शिकायत करीब सालभर पूर्व जिला प्रशासन में की गई थी। इस शिकायत की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने इसकी जांच भी कराई। प्रारंभिक जांच में नायब तहसीलदार लखेश्वर सहित तीनों पटवारियों को दोषी पाया गया था। इस मामले की जांच प्रशासन के तत्कालीन अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई द्वारा किया गया था। इस तरह इस मामले की जांच हुए करीब 8 माह का समय बीत चुका है। सूत्रों के अनुसार इस मामले में जो कार्रवाई की गई है, वह इस जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

# बैज बोले- धान खरीदी की तिथि कम करना सरकार की बदनीयती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 14 नवंबर से धान खरीदी के निर्णय से सरकार की नीयत में खोट साफ नजर आ रहा है। सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी। यदि शुरुआत देर से की जा रही है, तो खरीदी की अंतिम तिथि को 15 दिन आगे बढ़ाना चाहिये, ताकि सभी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर बिक सके। खरीदी अवधि कम करना भाजपा सरकार बदनीयती का प्रमाण है। उन्होंने मांग की है कि सरकार किसानों का बकाया राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त का भुगतान दीपावली से पहले करे, ताकि किसान दीपावली मना सकें। उन्होंने कहा, सरकार की घोषणा के अनुसार 14 नवंबर से 31 जनवरी तक कुल 75 दिन के अंदर धान खरीदी का लक्ष्य है, इसमें से 35 दिनों लगभग एक महीना से अधिक छुट्टी है, अर्थात मात्र 40 दिन ही सरकार धान खरीदी करेगी। 40 दिनों में 30 लाख से अधिक किसानों के धान की खरीदी संभव नहीं। पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ी है, रकबा बढ़ा है। पैदावार भी ज्यादा हुई है। प्रति एकड़ खरीदी की लिमिट भी बढ़ी है, फिर खरीदी की अवधि कम करने का आधार क्या है?

### एमएसपी बढ़ने से धान की कीमत बढ़ाएं

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार इस वर्ष धान की खरीदी 3217 रुपए में करे, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है, इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जाये।

# रेड, यलो जोन का प्रयोग फेल, पुराने ढर्रे पर चल रहा गंभीर मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को त्वरित उपचार की सुविधा देने के लिए आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में लागू किए गए रेड, यलो जोन का प्रयोग फेल हो चुका है। पुराने ढर्रे पर काम शुरू होने की वजह से इमरजेंसी मे आने वाले प्रत्येक मरीज का इलाज एक ही सिस्टम में हो रहा है। शाम होने के बाद अस्पताल के गलियारों में गहमागहमी की स्थिति बन जाती है।

करीब दो साल पहले आपात स्थिति में आने वाले मरीजों के लिए रिस्पांस टाइम तय करने के साथ उन्हें तत्काल उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए आंबेडकर अस्पताल के ट्रामा एंड इमरजेंसी को अपडेट करने की योजना बनाई गई थी। जांच के लिए चक्कर से बचाने के लिए उसी स्थान पर जांच की मशीन जुटाने की योजना के साथ वहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों की स्थिति के आधार पर उसे रेड और यलो जोन में उपचार की सुविधा प्रदान करने का सिस्टम बनाया गया था। कुछ दिन तक इस प्रयोग पर काम होता रहा समय बीतने के बाद मामला ठंडा पड़ता चला गया, इलाज की व्यवस्था पुराने ढर्रे पर आ गई।


■ इमरजेंसी विभाग के गलियारों में मरीजों की गहमागहमी

### नए ट्रामा से ही समाधान

अस्पताल से जुड़े सूत्रों का इस बारे में कहना है कि जरूरतों के हिसाब से मौजूद ट्रामा पर्याप्त नहीं है। इसके विस्तार की आवश्यकता है। अस्पताल भवन में ट्रामा विस्तार की योजना बनाई काफी समय पहले बनाई गई थी। विभिन्न तकनीकी दिक्कतों की वजह से इसका काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। जानकारों का कहना है कि ट्रामा यूनिट के विस्तार के बाद ही इमरजेंसी के मरीजों के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो पाएगी।

### सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री साय कल सुबह 7:50 बजे रायपुर एयरपोर्ट से विशेष विमान के माध्यम से चंडीगढ़ एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।

# परिणाम जारी करने एसआई अभ्यर्थी गृहमंत्री निवास पहुंचे

**रायपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने बुधवार को एसआई अभ्यर्थी पुनः गृमंत्री के निवास पहुंचे। कोर्ट के आदेश के बाद भी अब तक एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने से अभ्यर्थी परेशान हैं तथा अपने भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। गृहमंत्री विजय शर्मा ने अभ्यर्थियों को आश्वासन देते हुए कहा है कि प्रक्रिया चल रही है, जिसकी वजह से देर हो रही है। गृहमंत्री ने अभ्यर्थियों को जल्द ही परीक्षा परिणाम जारी करने का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने नौ सितंबर तक परीक्षा परिणाम जारी करने आदेश जारी किया है। कोर्ट के आदेश के बाद भी परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी तीसरी दफा गृहमंत्री निवास का घेराव करने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के बाद भी परीक्षा परिणाम जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों ने पुनः कोर्ट में आवेदन दाखिल किया। इस पर राज्य सरकार ने कोर्ट के आदेश पर अमल करने समय मांगा। इस पर कोर्ट ने सरकार को 15 दिन का समय दिया है।

## चुनाव तारीखों की घोषणा, केंद्रीय चुनाव समिति में चर्चा के बाद तय होंगे प्रत्याशी

# कांग्रेस-भाजपा की तैयारी तेज प्रत्याशी चयन पर मंथन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। चुनाव की घोषणा के बाद कांग्रेस ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आगाज रायपुर दक्षिण से 20 अक्टूबर से करने का ऐलान कर दिया है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और प्रदेश कांग्रेस से सभी वरिष्ठ नेता इसमें शामिल होंगे। कांग्रेस ने विधानसभा सीट पर प्रत्याशी को लेकर सर्वे कराया है, इसके आधार पर प्रत्याशी तय किए जाएंगे। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि समय से पहले नाम की घोषणा कर दी जाएगी। वहीं भाजपा ने इस सीट के लिए सात नामों का पूरा विवरण दिल्ली भेजा है, जहां से एक नाम का ऐलान किया जाएगा।

रायपुर दक्षिण उपचुनाव की तारीखों का ऐलान किए जाने के बाद कांग्रेस के प्रभारी सचिव विजय जांगिड़ 17 तारीख को यहां पहुंचकर विधानसभा चुनाव के संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर रणनीति पर विचार करेंगे। कांग्रेस ने दक्षिण के उपचुनाव के लिये संगठन स्तर पर तैयारी पहले से कर ली है। विधानसभा के सभी 19 वार्डों में पार्टी की बूथ कमेटियों को मुस्तैद कर दिया गया है। वार्ड स्तर पर जिम्मेदारी दी जा चुकी है, लगातार



कार्यकर्ताओं की बैठकें जारी हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता उपचुनाव को लेकर उत्साहित हैं। बताया गया है कि कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने कांग्रेस 20 अक्टूबर को




प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा करने के बाद हाईकमान को तीन नामों को पैनल भेजेगी, उनमें से एक नाम की घोषणा की जाएगी। 25 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किया जाना है, अतः समय से पहले नाम घोषित कर दिए जाएंगे। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा, हमारे लिए अच्छा अनुकूल अवसर है। राज्य सरकार की कमजोरियों को मुद्दा बनाकर प्रचार किया जाएगा।

भाजपा में जो नाम प्रत्याशी के तौर पर सामने आए हैं, उनमें से तीन नामों का पैनल केंद्रीय चुनाव समिति को भेजा गया है। इन नेताओं की पूरी जानकारी, सर्वे रिपोर्ट केंद्रीय चुनाव समिति के पास भेजी गई है। दिल्ली में संगठन के पदाधिकारी नाम फाइनल करेंगे। इसके बाद पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का ऐलान किया जाएगा।

### भाजपा, सरकार के कार्यो पर लड़ेगी चुनाव

भाजपा सरकार अपने 10 माह के कार्य के दौरान किए गए कार्यो को चुनाव के दौरान भुनाने का प्रयास करेगी। 10 माह के कार्यकाल को लेकर जनता तक जाएंगे। रायपुर दक्षिण विधानसभा की बैठक महामंत्री संगठन पवन साय, संभाग प्रभारी सौरभ सिंह, पूर्व सांसद सुनील सोनी की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर हुई। कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुटने कहा गया। वहीं चुनाव को लेकर सभी भाजपा मंडल के पदाधिकारियों को सक्रिय कर दिया गया है। राजधानी की इस सीट पर पार्टी ने मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और शिवरतन शर्मा को प्रभारी बनाया है।

# नहर-नाले की भूमि पर कब्जा खाली कराने 17 से तूता में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमलीडीह में 40 फीट चौड़ी नहर और नाले की जमीन पर कब्जा करवा दिया गया है। इसे हटवाने के लिए न्यायलय का दरवाजा खटखटाने और वहां से मिले निर्देश का पालन करवाने में भी अधिकारी फेल हो चुके हैं। 10 से ज्यादा बिल्डर्स ने नहर-नाला की जमीन को दबाने के बाद प्लाटिंग कर 137 लोगों को करीब साढ़े तीन एकड़ जमीन बेच दी है। बुधवार को यह जानकारी छत्तीसगढ़ अधिकार आंदोलन समिति के अध्यक्ष बनमाली छुरा ने दी।

राजधानी के आउटर में चल रहे जमीन हथियाने के खेल को अधिकारी रोकने और कब्जा मुक्त कराने में नाकाम हैं। इसके चलते हमें पत्रकार वार्ता में बात रखनी पड़ रही है। कई बार पत्र व्यवहार करने के बाद भी जमीन खाली करवाने के बजाय कब्जाधारी लोगों को बचाने व बिल्डर्स को फायदा पहुंचाने का खेल किया जा रहा है। समिति के सचिव आशीष तांडी ने बताया कि अब सड़क की लड़ाई लड़ने का समिति से जुड़े लोगों ने मन बना लिया है। पहले क्रम में तूता स्थित धरना स्थल पर 17 अक्टूबर से तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद जिम्मेदार अधिकारियों को जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।



# चुनाव : 7 दिन के भीतर थानों में जमा कराना होगा लाइसेंसी हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद अब इस क्षेत्र के रहवासियों को लाइसेंसी हथियार भी जमा कराना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद बुधवार को जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के साथ पूरी तरह चुनाव होने तक दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता लागू रहेगी। चुनाव को

- रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर कलेक्टर ने जारी किए निर्देश


फाइल फोटो

शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए क्षेत्र के लोगों से बिना देरी किए लाइसेंस हथियार अपने नजदीकी थाना में या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं लीड बैंक मैनेजर उपस्थित थे।

***शस्त्र जमा नहीं करने पर होगी कार्रवाई :*** *चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई लाइसेंस हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध भारतीय न्याय सहिंता के तहत शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण पर रोक या लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई भी की जाएगी।*

### शासकीय सेवक एवं सुरक्षा गार्ड आदेश से मुक्त रहेंगे

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र रायपुर के मान्यता प्राप्त बैंको के सुरक्षा गार्ड, वित्तीय संस्थानों के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ तथा औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड इस आदेश से मुक्त रहेंगे, लेकिन उन्हें भी अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाना में देनी होगी। इसके अलावा परिसर सीमा क्षेत्र से बाहर ले जाने पर थाना प्रभारी की अनुमति लेनी होगी। स्क्रीनिंग कमेटी को दिए जाने वाले आवेदन कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक 17 के लायसेंस शाखा में जमा होंगे।

## खबर संक्षेप



### सोनपुर में संकुल स्तरीय नवोदय कोचिंग का शुभारंभ

**बसना।** संकुल केंद्र बरपानी के शिक्षकों द्वारा शाउमा के प्राचार्य रघुनंदन पटेल के मुख्य आतिथ्य में शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर में संकुल स्तरीय नवोदय कोचिंग सेंटर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य पटेल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि संकुल बरपानी में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई युग की शुरुआत हुई है। बरपानी संकुल समन्वयक पुरुषोत्तम वर्मा ने इस कदम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे बच्चों का बेहतर भविष्य बनेगा। ज्ञात हो कि इस कोचिंग सेंटर से बरपानी संकुल के प्राथमिक विद्यालय से 34 बच्चे लाभान्वित होंगे, जिन्हें संकुल केंद्र के अनुभवी शिक्षकों का सतत सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर के प्रधान पाठक मिथिलेश साहू, पूर्व माध्यमिक शाला सोनपुर के प्रधान पाठक कमल नयन साहू, नदिया पारा सोनपुर के प्रधान पाठक बसंत ध्रुव, बांसुलडीह सोनपुर के प्रधान पाठक नेताम, डीपा पारा सोनपुर के प्रधान पाठक ठाकुर, विजय शंकर पटेल, अशोक पटेल, मनी राम मैत्री व पालक वर्ग मौजूद रहे।

### लामीसरार में आयोजित कबड्डी स्पर्धा में शामिल हुए विधायक



**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत उखरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम लामीसरार में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोमाखान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष पटेल ने की। विशेष अतिथि की आसंदी परसरपंच प्रतिनिधि ईश्वर ठाकुर रहे। प्रतियोगिता की शुरुआत ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात अतिथियों से प्रतियोगिता में पहुंची हुई विभिन्न टीमों का परिचय कराया गया। इसके बाद विधिवत ग्रामीण प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन मनोज सागर ने किया। इस अवसर पर ग्राम पटेल तुकाराम ठाकुर, पंच अरुण प्रधान, सेतराम राणा, हरिशंकर यादव, भैया राम प्रधान, अरुण चौधरी, पुरुषोत्तम पाडे, देवलाल पाडे, डमेश्वर ठाकुर, संतराम, कबड्डी आयोजन समिति के अध्यक्ष रामगोपाल चौधरी, सचिव पुरुषोत्तम सागर, नवनीत नाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष

### बेसिक स्कूल में ...

चिकित्सा पध्दति द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या योग व आसन आदि का पालन करके सेहत को बेहतर बनाने तथा विभिन्न नये व पुराने सभी बीमारियों की चिकित्सा हेतु निःशुल्क चिकित्सा निदान परामर्श एवं औषधि वितरण की जायेगी। उक्त जानकारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा ने दी।

### शरद पूर्णिमा पर...

पड़ता है। इस वजह से भी शरद पूर्णिमा का खास महत्व होता है। देश के कई राज्यों में इसे फसल उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन खीर बनाने की भी प्रथा है। खीर को रातभर चंद्रमा की चांदनी में रखा जाता है।

### जांच में समय...

नवागांव पहुंचे, जहां निर्धारित समय से पूर्व ही स्कूल बंद मिले। जिसके लिए संस्था प्रमुख को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि पूर्व माध्यमिक शाला चंदिया पथरा समय पर संचालित मिले।

## प्रवचन : कथाकार ने गिनाई श्रीमद भागवत कथा की महत्ता

# वर्ण व्यवस्था के अनुसार समाज कर रहा अपना-अपना कार्य: आचार्य सागर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





सभी वर्ण पूज्यनीय है कोई निकृष्ठ नहीं है, इसे व्यवस्था के लिए बनाया गया है। उक्त बातें स्थानीय मंगल भवन में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आचार्य सागर मिश्रा ने तीसरे दिन गुरुवार को कही। उन्होंने कहा कि समाज में जो वर्ण व्यवस्था बनाई गई है। वह सिर्फ व्यवस्था लिए है। जैसे एक व्यक्ति तबला, हरमोनियम आदि एक साथ नहीं बजा सकता या किसी अलग अलग पदों के लिए अलग अलग व्यक्ति नियुक्त किया जाता है, उसी तरह यह वर्ण व्यवस्था बनाई गई है, किंतु सभी वर्ण पूज्यनीय है। उन्होंने कहा कि जिस देश का राजा अंधा और बहरा दोनों हो जाय वहां कल्याण होने वाला नहीं है। आचार्य ने कथा बताते हुए कहा कि एक बार श्रीकृष्ण जी धृतराष्ट्र के पास शांति दूत बनकर आने वाले थे, उसी समय महात्मा विदुर जी महाराज धृतराष्ट्र को ज्ञान की बात बता रहे थे कि किसी परिवार में या समाज में एक या कुछ के जाने से परिवार या समाज का भला हो रहा हो तो उसे त्याग देना चाहिए। जैसे किसी अंग के काट देने से प्राण की रक्षा हो जाती है तो लोग कटवा देते हैं। उसी समय दुर्योधन पहुंचा और विदुर जी को निकाल दिए लेकिन धृतराष्ट्र अंधे और बहरे बने रहे।

इसके पूर्व उन्होंने दूसरे दिन की कथा में कहा कि भगवान एक है, भले ही उनका रूप अलग अलग हो सकता है। उन्होंने कहा कि जैसे सोने के मांग की बिंदिया, झुमके, हार, कंगन आदि आभूषण बनाए जाते हैं लेकिन वे है तो सोना ही। इसी तरह गेहूं के आटे से पूरी, रोटी, पराठे आदि बनाए जाते हैं वे सभी है तो गेहूं का आटा ही ठीक उसी तरह भगवान के विभिन्न स्वरूप होते हैं। कोई शंकर के रूप में तो कोई श्रीराम के रूप में तो कोई श्री कृष्ण के रूप में, कोई हनुमान के रूप आदि रूपों में मानते हैं, लेकिन है वे एक भगवान ही है। इस अवसर पर मिश्रा परिवार के अलावा युवा आस्था मंच के सदस्य तथा कसडोल नगर सहित आस पास गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठक को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर भवन में सेवानिवृत प्रधान पाठक टंकार प्रसाद शर्मा को उनकी सेवा अवधि पूर्ण होने पर विदाई दी गई। उन्होंने 36 वर्ष से लगातार प्राथमिक पाठशाला भवानीपुर में अपनी सेवा दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एन वर्मा, एबीओ एनके वर्मा, एसके महेश्वरी टंकार प्रसाद शर्मा उपस्थित थे। शिक्षा अधिकारी ने कहा कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर शिक्षा देना बहुत ही बड़ी बात है। टंकार प्रसाद शर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशों का पालन हम सभी को करना पड़ता है। समय सीमा तक ही हम सबकों सेवा देना पड़ता है। आप सभी शिक्षकगण सदा मेरे दिल में रहेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य एस के साहू, संकूल समन्वयक विष्णु कुमार फेकर, प्रधान पाठक गण नरेन्द्र कुमार चन्द्राकार, विजय कुमार चंद्राकर, दीपक शर्मा, शुक लाल जयसवाल, राजकुकर ध्रुव प्राचार्य, दुर्गा धरुआ, मंजुलता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्राथमिक स्कूल के छात्रों को बांटी गई निःशुल्क नोट बुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पलारी स्थित शहीद युगल किशोर वर्मा प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक शाला बालसमुंद पारा में विद्यार्थियों को निःशुल्क नोट बुक का वितरण किया गया। नोटबुक का वितरण सेठ हीरालाल साहू की पुण्यतिथि पर पुत्र वधु भाग्यश्री एवं पुत्र चंदन साहू हैलो किड्स स्कूल के संचालक द्वारा किया गया। इसके अलावा जरूरतमंद को कंबल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खास दिनों पर बच्चों के साथ समय व्यतित करना तथा जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आना यह प्रेरणा हमें पिताजी से मिली है। इस दौरान शिक्षकगण सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों को बेसिक अंग्रेजी और गणित में दक्ष करने पर दिया जोर

**महासमुंद।** आस्था साहित्य महासमुंद द्वारा शरद पूर्णिमा पर वरिष्ठ साहित्यकार एस चंद्रसेन के निवास त्रिमूर्ति कॉलोनी महासमुंद में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में अध्यक्षता करते हुए आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि घूम रहे हैं स्वच्छंद बेखौफ यत्र तत्र सर्वत्र पैने नाखून और जहरीले दांतों वाले यह दो टांग वाले भेड़िए। शरद की शीतलता पर काव्य पाठ करते हुए साहित्यकार एवं गीतकार सुरेंद्र अग्निहोत्री आगे ने कहा कि मन को शीतल करे दमक रहा चंद्रमा, स्वच्छ है गगन आज शरद की है पूर्णिमा। इस अवसर पर साहित्यकार सौरिन चंद्रसेन ने अपने कविताओं से सबको मंत्र मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि हे मर्यादा पुरुषोत्तम राम तुमने क्यों किया यह काम। काव्य पाठ को आगे बढ़ते हुए साहित्यकार सरिता तिवारी ने पंक्तियां समर्पित करते हुए कहा कि आगे दिवारी तिहार जिंदगी में खुशहाली अपार दिया की रोशनी मां जगमगही डेहरी अंगना शरद पूर्णिमा के अवसर परअब कृष्ण को समर्पित पर करते हुए।

# सहकारी समिति के कर्मचारी आज से काली पट्टी लगाकर करेंगे काम, 3 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहकारी समितियों के कर्मचारी 18 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर काम करेंगे। 3 सूत्रीय मांग को लेकर समितियों के प्रभारी प्रबंधक, लिपिक, सेल्समैन और भृत्य मांग पूरी नहीं होने पर 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर काम ठप करेंगे। प्रदेशभर के 2,058 सहकारी समितियों में कार्यरत 13 हजार कर्मचारियों ने 3 सूत्रीय मांग को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर लामबंद कर्मचारी 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर सांकेतिक रूप से विरोध जताएंगे। आंदोलन के दूसरे चरण में 21 नवंबर से 2 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना दिया जाएगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांग में मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर प्रदेश में भी छत्तीसगढ़ के 2,058 सहकारी समितियों के कर्मचाारियों के वेतन सहित अन्य सुविधाओं का लाभ देने प्रति वर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि प्रदान की जाए। सेवा नियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते हुए आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 फीसदी सूखत मान्य का प्रावधान करे।

- छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने किया ऐलान



### चरणबद्ध आंदोलन इस तरह

- 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 33 जिलों के सहकारी समितियों में काली पट्टी लगाकर काम।
- 21 व 22 अक्टूबर को दो दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन।
- 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश के बाद नारेबाजी व प्रदर्शन।
- 4 नवंबर से नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन आंदोलन।

### ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक में बनी रणनीति

छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक में कलेक्टर दर पर वेतन सहित नियमितीकरण के मुद्दे पर रणनीति तैयार की गई। प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक ने हरिभूमि को बताया बैठक में ब्लाक अध्यक्ष,जिला अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने अपनी मांगों पर चर्चा कर रणनीति तैयार की। 23 अक्टूबर से प्रदेश के सभी जिलों में ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण सं जिला कलेक्टर और जिला सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपेगा। 9 से 16 नवंबर को क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन, 17 से 30 नवंबर तक सांसद से मिलकर अपनी मांगों से अवगत कराया जाएगा। दिसंबर माह में दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग में संभाग स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही संभागस्तरीय सम्मेलन होगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक, प्रदेश प्रवक्ता काशीराम यादव, मीडिया प्रभारी परमानंद देवदास, बालोद जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, ब्लाक अध्यक्ष जोहर साहू उपस्थित रहे।

# भगवान झूलेलाल मंदिर की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राधास्वामी नगर में विगत कुछ माह से भगवान झुलेलाल और शिव मंदिर का निर्माण लगातार चल रहा था, जो कि पूर्ण हो गया, इसके बाद 13 अक्टूबर को मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम रखा गया था, इस कार्यक्रम में सुबह से ही पूजा पाठ शुरू किए गए थे। सुबह 8 बजे से पूजा अर्चना की गई, इसके बाद भगवान की मूर्तियों का दुग्धाभिषेक किया गया। सुबह 10 पूर्णाहुति की गई तथा प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के बाद सुबह 12 बजे से आम दर्शनार्थियों के लिए मंदिर को खोल दिया गया। दोपहर एक बजे से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया गया था। इस कार्यक्रम के सभी धार्मिक अनुष्ठान प. दीपक शर्मा ने संपन्न करवाएं। मंदिर में भगवान झूलेलाल, भगवान शंकर, शिवलिंग और नंदी की प्रतिमा स्थापित की गई है। साथ ही भगवान हनुमान, दुर्गा मां, राम दरबार, राधा-कृष्ण, लक्ष्मी माता, श्री गणेश जी के विशाल सिरामिक फोटो लगवाएं है। जिनकी नियमित पूजा अर्चना भी की जाएगी तथा वर्षभर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर चक्करभाटा सिंधु अमरधाम आश्रम के संत लाल साईं भी निजी रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, और सभी को अपना आशीर्वाद एवम् शुभकामनायें भी दी, इस अवसर संतलाल दास ने कहा कि राधास्वामी नगर में भगवान झूलेलाल का यह भव्य एवं खुबसूरत मंदिर बना है यह बहुत ही ख़ुशी की बात है, यह समाज को लोगों को जोड़ने का काम करेगा, सिंधी समाज के लोग अपने इष्टदेव देव के प्रति जागरूक होंगे, उनसे जुड़ेंगे, अपनी संस्कृति को समझेंगे, साथ ही यहां सभी लोगों से निवेदन रहेगा कि मंदिर में वर्षभर अपनी उपस्थिति बनायें रखे एवं विविध कार्यक्रमों का समय - समय पर आयोजन भी करते रहें।

- संत लाल सांई, बृजमोहन अग्रवाल, महेश दरयानी सहित शामिल हुई कई बड़ी हस्तियां

### कार्यक्रम में शामिल हुई शहर बड़ी हस्तियां

मंदिर सेवा समिति द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के समारोह पर राजधानी के प्रमुख लोगों को भी आमंत्रित किया गया था, जिसमें संत लाल साईं चक्करभाटा, भाई गोविंद सिंह, अमरलाल साहेब, वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, अध्यक्ष मनोज डेंगवानी, शदाणी दरबार सेवा मंडल, गोदड़ीवाला धाम से प्रतिनिधिमंडल, छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता रॉकी दासवानी, पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी, पार्षद सरिता दुबे, पार्षद सरिता वर्मा, सुभाष तिवारी, सिंधी समाज के वरिष्ठ मन्नुमल पृथवानी, अशोक नैनवानी, अनेश बजाज, विक्की तनवानी, तनेश आहूजा, राजू वासवानी, हेमंत मेघानी, बलराम आहूजा, डॉ. गजवानी, समाज सेवी मोनू आहूजा सहित सैकड़ों समाजसेवी एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हुए।

**धनतेरस 30 अक्टूबर कोः महासमुंद।** श्री सत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पं. सुभाष शर्मा ने दीपावली उत्सव के दौरान होने वाले पर्व के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि धनतेरस 30 अक्टूबर, नरक चतुर्दशी 31 को, 1 नवंबर को महालक्ष्मी पूजन, 2 को अन्नकूट, गोवर्धन पूजा और 3 नवंबर को भाईदूज मनाया जाएगा। वहीं 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी, तुलसी विवाह का पर्व मनाया जाएगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# ब्राम्हण समाज ने मनाया शरद पूर्णिमा, बांटी खीर की प्रसादी, वरिष्ठजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के सरयू सदन में छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने उत्साह एवं सामूहिक रूप से शरद पूर्णिमा का उत्सव मनाया। इसमें समाज के वरिष्ठ, युवा, महिलाएं-पुरुष सम्मिलित हुए। शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पं. झम्मन शास्त्री, राजेंद्र शास्त्री, शिव तिवारी, डॉ. सोहन लाल तिवारी, आरएस शर्मा, गौरीशंकर शर्मा, त्रिलोक प्रसाद तिवारी, एनपी मिश्रा, अनिल पांडे, मनोज पांडे एवं सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे, उपाध्यक्ष राज दीपक पांडे, मनीष शुक्ला, भूपेशधर दीवान, राजू दुबे, कोमल शर्मा, सूर्यकांत तिवारी, प्रशांत दीवान सहित सामाजिक महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम के आरंभ में भगवान परशुराम एवं हनुमान की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद उपस्थित वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। संबोधन में पं. झम्मन शास्त्री ने शरद पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए भगवान श्रीकृष्ण के रासलीला का वर्णन एवं उनके गुण रहस्यों को बताते हुए अनेक ग्रंथ-पुराणों की बातें विप्रो के समक्ष रखी। वहीं सामाजिक स्तर पर लगातार कार्यक्रम करने एवं समाज के लोगों की उपस्थिति को बढ़ाने की अपील की। साथ ही प्रतिमाह कार्यक्रमों के रूपरेखा बनाने समाज प्रमुख एवं सामाजिक लोगों को गतिविधियां तय करने की बात कही। समाज के वरिष्ठ गौरीशंकर शर्मा ने ब्राह्मणों के गोत्र एवं सामाजिक दायित्व को लेकर लिखे जाने वाले किताब के बारे में बताया। साथ ही सामाजिक लोगों में जागरूकता बढ़ाने की बात कहते हुए समाज के कार्यों में रुचि लेने एवं अपनी उपस्थिति सामाजिक गतिविधियों में बढ़ाने की बात कही। महिला विंग सचिव उषा मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि शरद पूर्णिमा में भगवान शंकर गोपी बनकर शामिल हुए। वहीं समाज के लोगों को एकजुट होकर काम करने की सलाह दी।

## कार्यक्रम में सामाजिक लोगों ने लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा



### हनुमान चालीसा का पाठ किया

संबोधन के बाद सभी ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ और संकीर्तन किया। इसके बाद अमृत स्वरूप प्रसादी में खीर, पूरी, सब्जी का सामाजिक लोगों ने प्रसादी पाया। अंतिम में समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे ने उपस्थित सामाजिक लोगों एवं अतिथियों को धन्यवाद व्यापित करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि शरद पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आप लोगों की उपस्थित सराहनी एवं उत्साहवर्धन करने योग्य रही। इसी तरह से आगे भी सामाजिक कार्यों एवं कार्यक्रमों का निर्वाह किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आबकारी टीम सांकरा ने अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध की कार्रवाई

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधीष कोष्टी के मार्गदर्शन में बुधवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम सांकरा द्वारा बिजेपुर से गौरिया जंगल मुख्य मार्ग में नाकाबंदी कर दोपहिया वाहन से परिवहन करते आरोपी दुर्गेश बाघ (20 वर्ष) निवासी बिजेपुर थाना सांकरा के कब्जे से अवैध हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 10 लीटर जिसका बाजार मूल्य 2000 रुपए एवं जब्त वाहन का बाजार मूल्य लगभग 25000 रुपए, जिसे छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत विधिवत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त सांकरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई।

### बड़गांव में मनाया गया शरद पूर्णिमा का पर्व

**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव में बुधवार को रात्रि 9 बजे लीला समितियों द्वारा धार्मिक भजन कीर्तन के साथ शरद पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम गणेश वंदना व पूजा आरती गीत गाकर शुभारंभ किया गया। देवी मां के झाँकी के साथ महिषासुर के आक्रामक रूप प्रस्तुत किया गया। झांकी मंचन में महिषासुर ने ब्रह्मा की तपस्या कर वरदान हासिल किए। वरदान पाकर देवताओं और मनुष्यों पर अत्याचार करने लगा। उसने युद्ध में इंद्र को परास्त करके उस पर कब्जा कर लिया। फिर देवताओं ने मां पार्वती की स्तुति कर महिषासुर से छुटकारा पाने की प्रार्थना की। तब देवी पार्वती क्रोधाभिभूत होकर दुर्गा रूप धारण की और सभी देवताओं से अस्त्र-शस्त्र मांगकर महिषासुर का वध कर दिया। इस दौरान ग्राम वासियों ने देवी मां के दर्शन किए। दर्शकों ने शरद पूर्णिमा को व्रत रहकर माता की आरती की। चंद्रमा के अमृत वर्षा होने के साथ खीर-पूड़ी बनाकर मध्यरात्रि 12 बजे शुभमुहूर्त में प्रसाद वितरण किया गया। घरों में भी खीर के प्रसाद बनाकर सुबह परिवार के सदस्यों ने ग्रहण किया। भक्तों ने मां दुर्गा के दर्शन किए और परिवारिक सुख समृद्धि की कामना की।

### कलाम के जन्मदिन को विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में पूर्व राष्ट्रपति और मिसाईलमैन के नाम से विख्यात डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिवस विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर डॉ कलाम के बारे में बच्चों को कंप्यूटर में वीडियो दिखाया गया और उनके जीवन से जुड़ी विभिन्न प्रेरक घटनाओं से बच्चों को अवगत कराया गया। डॉ कलाम ने किस तरह से संघर्षों से पार पाते हुए।

## निधन

### पंचराम वर्मा

**मुंडा।** ग्राम जुड़ा निवासी पंचराम वर्मा 70 वर्ष का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गांव में तालाब के पास किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा ग्रामवासी शामिल थे। वे बिरझा बाई वर्मा के पति व नीलकमल वर्मा, देवेंद्र कुमार वर्मा, चुंबन वर्मा, यशवंत वर्मा, दीनबंधु वर्मा के पिता थे।

# शिविर में विभिन्न विभागों के मिले 555 आवदेन

**इसमें 501 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्पों के अनुरूप भाटापारा विकासखंड के ग्राम खोखली में सातवां जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्कूल परिसर में लगा। इसमें स्थानीय नागरिक सहित आस पास गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित 555 आवदेन प्राप्त हुए, जिसमें 501 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही बचे हुए 54 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया। इसके साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्य मंच से योजनाओं से लाभांवित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी, 5 महिला स्व सहायता समूह को 10 लाख का ऋण, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 1 आईस बाक्स, 1 मछली जाल, खाद्य विभाग द्वारा 14 नए राशन कार्ड, 3 को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 आयुष्मान कार्ड, 15 को सिकलिंग कार्ड, समाज कल्याण विभाग 33 विभिन्न प्रकार के पेंशन हितग्राहियों के स्वीकृत करते हुए प्रदान किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं 10 बच्चों का अन्नप्राशन विधायक इंद्र साव, कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश साहू, सरपंच दुर्गेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या, जरूरत, मांग का यथा समय समाधान करना है, ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके। उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए आम लोगों के दफ्तरों का चक्ककर लगाने की जरूरत ना पड़े। शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित किया जा सके।

इसके पूर्व विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विभाग में संपर्क करने का सुझाव दिए। इस दौरान कलेक्टर ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। कुछ के लिए समय-सीमा निश्चित कर समाधान करने, कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया।

### स्टॉल लगाकर योजनाओं की दी गई जानकारी

शिविर स्थल में जिला प्रशासन द्वारा 35 विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया था, जिसमें अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी आमजनों को दी गई। जैसे कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषक हितैषी योजनाओं को बताया गया। लाभ व राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को खाद-बीजों का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी-दस्त, पेट-दर्द, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के कुल 32 नए फार्म भरे गए व 15 आयुष्मान कार्ड धारकों को तुरन्त आयुष्मान कार्ड मुहईया करवाया गया।

### 35 ग्रामीणों ने करायी सिकलसेल जांच

शिविर में 35 ग्रामीणों का सिकलसेल जांच किये व 15 सिकल सेल कार्डों का वितरण किया गया। शिविर में पहुंचे भाटापारा नगर निवासी पूजा कुमारी यादव ने अपनी आय जाति एवं निवास हेतु आवदेन दिया, जिस पर उन्हें तत्काल प्रमाण पत्र बनाकर मुहैया कराया गया। तत्काल प्रमाण पत्र मिलने पर उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया

इसी तरह 32 वर्षीय लता बाई निर्मलकर एवं 31 वर्षीय मनीष मिरी को आयुष्मान कार्ड मिलने पर प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब इलाज के लिए पैसों की चिंता नहीं सताएंगी। इसी तरह ग्राम खोखली निवासी ईश्वर प्रसा कीद साहू को नया किसान किताब मुहैया कराया गया। उन्होंने किसान किताब मिलने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, एसडीएम नितीन तिवारी, जनपद सीईओ सत्यव्रत तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धनसुली में लगा पीएम आवास मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

ग्राम पंचायत धनसुली में 17 अक्टूबर को प्रधानमंत्री आवास मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक अनुज शर्मा सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक गोस्वामी, कमलेश साहू अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रॉयॉसेवा अमित देवांगन, जिला आवास समन्वयक निविदिता शुक्ला, अनिश तिग्गा तिल्दा आवास अधिकारी, तकनिकी सहायक, सचिव व ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

आवास मेला में ग्राम पंचायत पिकरीडीह, धनसुली, मूरा सहित अन्य 25 पंचायतों के आवास हितग्राही उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद में कुल 6 हजार से अधिक स्वीकृत आवास, निर्माण तथा शेष आवास व जीओ टैग की संक्षिप्त जानकारी दी। पीएम आवास निर्माण पर आवास अधिकारी निविदिता शुक्ला तथा अनिश तिग्गा ने विस्तार से बताया।

- विधायक अनुज शर्मा ने हितग्राहियों को आवास की चाबी, प्रशस्ति प्रमाण पत्र व चेक प्रदाय किया

उपस्थित हितग्राहियों से विधायक ने कहा कि यह आवास गरीब, कच्चा मकान खपरैल का है, जो पक्का मकान बनाने में असक्षम है, यह राशि सहयोग के तौर पर दी जा रही हैं। जिनका आवास नहीं आया है और घर कच्चा है व नियमानुसार पात्रता है तो उनको आवास दिया जायेगा, इसके लिये केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है तथा 4 करोड़ आवास की नई स्वीकृति दी है। श्री शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने साफ पानी पीने के लिये नलजल योजना, रहने के लिये आवास, स्वच्छता के लिये शौचालय तथा महतारी वंदन योजना में 1 हजार रुपये माताओं को दिया जा रहा है।

## आत्मानंद के छात्रों ने जाना सायबर क्राइम से बचने का तरीका

**मुड़पार-सरसीवां।** आत्मानंद स्कूल सरसीवां में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बुधवार को थाना प्रभारी भगवती प्रसाद कुर्रे व साइबर प्रभारी रामकुमार मानिकपुरी द्वारा स्कूली बच्चों को शिक्षकों की उपस्थिति में ऑनलाइन फ्रॉड, सायबर फ्राड जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर डायल 1930 के उपयोगिता के बारे में बताया गया। फेसबुक प्राइवेसी सेटिंग के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटारशन और शेयर मार्केटिंग ऑनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से की जाने वाली ठगी के बारे में, यातायात नियम व अभिव्यक्ति एप की जानकारी दी गई। इसमें महिलाएं अपनी गोपनीय शिकायतें पुलिस तक सीधे पहुंचा सकती हैं। इसके अलावा बच्चों के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूली बालक, बालिकाओं द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिए। कुर्सी दौड़ में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया।



# जवाहर नवोदय परीक्षा केंद्र निर्धारित करने हुई बैठक



**बगबुड़ा।** जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सत्र 2024–25 के लिए बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारित करने गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। इसमें संयोजक संतोष कुमार, प्राचार्य, डीएव्ही मुख्यमंत्री स्कूल टिकुलिया भाटापारा तथा सदस्य के रूप में बी. गिरिजा प्राचार्य पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, बलौदाबाजार, जीसी दास, प्राचार्य, अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल, लाहोद, भुवनेंद्र सिंह, प्राचार्य, डीएव्ही, मुख्यमंत्री स्कूल, छरछेद कसडोल, संदीप कुमार पटेल, प्राचार्य, डीएव्ही, मुख्यमंत्री स्कूल, खम्हरिया, के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय लवन से मंदोदरी सेठ, पीजीटी जीव विज्ञान, राजेंद्र सिका, ग्रंथपाल एवं कार्यालय से रंजन उपाध्याय, बीके बघेल, पोखर सिंह कंवर एवं कांतिलाल पटेल, राहुल राय, सरजू पटेल उपस्थित थे।

## गांजा तस्करी के मामले में चार लोग गिरफ्तार

महासमुंद। गांजा की अवैध बिक्री और परिवहन के मामले में बलौदा पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चार किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 80,000 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 13 अक्टूबर को ओडिशा की ओर से आने वाली संदिग्ध वाहन चेकिंग किया जा रहा था, चेकिंग के दौरान ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही हीरो कंपनी के काले कलर मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 10 एक्यू 9317 को रोका गया वाहन में दो व्यक्ति सवार थे। वाहन को रोककर नाम पता पूछताछ करने पर अपने नाम महेश कुमार यादव पिता धनीराम यादव (21 वर्ष) निवासी बरेला थाना जरहागांव जिला मुंगेली व कोमल सोनकर पिता ठनक सोनकर (21 वर्ष) ठाकुरीकांपा थाना जरहागांव जिला मुंगेली का निवासी होना बताए।

# धोबी समाज ने कराई राम जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज द्वारा समाज में बेहतर शिक्षा एवं संस्कार पर विशेष जोर देने के साथ–साथ अब धार्मिक कार्यों में भी विशेष रुचि ले रहे हैं। समाज द्वारा ऐतिहासिक स्थानों पर मंदिरों का भी निर्माण कराकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा हैं। इसी तरह धोबी समाज तरेंगा राज एवं मल्हार राज के सिंगारपुर मावली में नवनिर्मित राम जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 16 अक्टूबर को की गई। पंडित लखन लाल उपाध्याय ने विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्मित राम जानकी मंदिर में राम दरबार एवं अन्य मूर्ति की विधिवत स्थापना करते हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न करवाया। इस दौरान पूर्णाहुति कलश स्थापना एवं भंडारे के आयोजन हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के तहत मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ पं. लखन लाल उपाध्याय ने राम जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान के जयकारों से गूंज उठा। तरेंगा राज अध्यक्ष त्रिलोचन रजक, सचिव नारायण निर्मलकर, सहसचिव ईश्वर प्रसाद रजक, शंकर रजक, राजेंद्र निर्मलकर व अन्य पदाधिकारी परिवार सहित पूर्णाहुति यज्ञ में शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा में जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक, प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कन्नौजे, प्रदेश सलाहकार अश्विनी रजक, आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक, केंद्रीय अध्यक्ष लवन पन्ना रजक, महिला प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष शीलादेवी रजक, जिला सचिव मनोज निर्मलकर, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष उमाशंकर कर्स, अश्वनी रजक, परशु रजक, प्यारे रजक, गन्नू रजक, लाला रजक, कमल रजक, जीवन रजक, वासु रजक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों और मीडिया की ली संयुक्त बैठक

# नपं के 90 वार्डों की मतदाता सूची का होगा पुनरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगढ़-बिलाईगढ़




त्रिस्तरीय पंचायत और नगरपालिका आम निर्वाचन 2024–25 के संबंध में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों और मीडिया की संयुक्त बैठक हुई।

इस अवसर पर प्रेस प्रतिनिधि, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों में अजय गोपाल, मनोज जायसवाल, हरिनाथ, अरुण मालाकार, राजकुमार अग्रवाल, विकास, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सहायक अधीक्षक कमलकांत स्वर्णकार आदि उपस्थित थे। बैठक में नगरपालिका आम निर्वाचन 2024–25 अंतर्गत जिले में 6 नगर पंचायतों की मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन हेतु चिन्हित स्थान–सभी नगर पंचायतों में तथा उनके सभी वार्डों के चिन्हित स्थानों में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार के कार्यालय में एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (अनुविभागीय) अधिकारी सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के कार्यालय में किया जाएगा। इस निर्वाचन के कार्यालय में 6 नगर पंचायतों के 90 वार्डों की मतदाता सूची का पूनरीक्षण का कार्य किया जाना है।

मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन बुधवार को 11 बजे उपरोक्त संबंधित स्थानों में करा दिया गया है। मतदाता सूची में दावा आपत्ति विधानसभा निर्वाचक नामावली की छूटे नाम को जोड़ने, नाम संशोधन करने, नाम हटाये जाने एवं वार्डों में नाम परिवर्तन करने संबंधी होगी। साथ ही ऐसे नये मतदाता जिन्होंने 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया है, जिनका नाम निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं है। वे पहले विधानसभा निर्वाचक नामावली में अपना नाम शामिल कराने के उपरांत ही, नगरीय निकाय की मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के पात्र होंगे। ऐसे मतदाताओं के लिये दावा आपत्ति करने की अंतिम तिथि 4 नवंबर सोमवार अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। दावा आपत्ति निराकरण की अंतिम तिथि 8 नवंबर है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411